हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर, लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–159 : जौनपुर, गुरुवार 23 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी बजट के सहारे सियासी एजेंडे को दी धार : 2024 के लिए सबको साधने पर ध्यान

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सरकार ने 2023–24 के बजट के सहारे सबको साधने का काम करते हुए भाजपा के सियासी एजेंडे को और उड़ान देने की कोशिश की है। बजट के सहारे प्रदेश में 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद से अब तक राज्य की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सेहत सुधारकर लोगों की तरक्की, रोजगार, सुरक्षा तथा समृद्धि के लिए किए गए कामों का हवाला देकर भविष्य के लिए भी उनका भरोसा जीतने का प्रयास किया है। कोशिश यूपी की तरक्की और यहां के लोगों की समृद्धि के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव में भी दिल्ली में भाजपा और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की जरूरत समझाना ही नजर आ रही है। राज्य के बजट का लगभग 6.90 लाख करोड़ रुपये का आकार राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के सापेक्ष काफी बड़ा है । अर्थशास्त्री प्रो. अंबिका तिवारी बताते हैं कि यही तथ्य राज्य की आर्थिक रफ्तार को गति देने की सरकार की मजबूत कोशिशों का संकेत है । केंद्र सरकार के 1 फरवरी को प्रस्तुत बजट की घोषणाओं को उत्तर प्रदेश में जमीन पर उतारने तथा उनका लाभ राज्य को एवं यहां के लोगों को जल्द से जल्द और ज्यादा से ज्यादा मुहैया कराने की राज्य सरकार की बेकरारी का प्रमाण है । यह बेकरारी लोगों के बीच योगी सरकार की साख मजबूत करने के प्रयासों का भी आधार दिखती है। जिसका राजनीतिक लाभ मिलेगा ही। प्रो. तिवारी के मुताबिक जिस तरह बजट में सरकार ने बुनियादी ढांचे को मजबूती देने पर जोर दिया है, वह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर करने के संकल्प पर सरकार के पूरी शिद्दत से काम करने का संदेश देने वाला है। संतुष्टि से साधे समीकरण वित्त मंत्री ने बजट के जरिए सभी को संतुष्ट करने की कोशिश की है। सरकार ने इसके लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर हुए कामों को आधार बनाया गया है। युवाओं को टेबलेट, स्मार्टफोन देने के लिए बजट प्रावधान, गन्ना किसानों के किए गए भुगतान के साथ ग्रामीण युवाओं के लिए एग्रीटेक स्टार्ट अप के लिए बजट प्रावधान, मोटे अनाजों की खेती, प्राकृतिक खेती, जैव ऊर्जा, हरित



ऊर्जा के लिए प्रोत्साहन को बजट प्रावधान, कल्याण कारी योजनाओं के लिए धन आवंटन, निर्मित हो रहे एक्सप्रेस वे के निर्माणों के विकास तथा उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए किए जा रहे जैसे कामों एवं गांवों को शहरी सुविधाओं से संपन्न करने के संकल्पों से सबको संतुष्ट करने का प्रयास कर सियासी संतुलन साधने का प्रयास हुआ है । सरोकारों पर काम से एजेंडा साधा संस्कृत विद्यालयों एवं संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों एवं धार्मिक स्थलों के विकास के लिए और अधिक धन की व्यवस्था तथा घोषणाओं से विरासत को संरक्षण तथा प्रोत्साहन की नीति पर दृढ़ता से काम करते रहने का संकल्प दिखाकर एजेंडे को साधा गया है । जिस तरह पहले अनुपूरक बजट लाकर सरकारें एजेंडे पर काम करती रही हैं , उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले लाए गए अनुपूरक बजट के जरिये भी सियासी एजेंडे को साधा जाएगा । जिस अंदाज में प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारियों के लिए बजट, नैमिषारण्य में वेद विज्ञान अध्ययन केंद्र, प्रयागराज में भजन संध्या स्थल के निर्माण जैसी घोषणाओं से सनातन सरोकारों पर सरकार के समर्पण का संदेश दिया, वह हिंदुत्व के एजेंडे को साधते हुए नजर आया । हालांकि, मदरसों के आधुनिकीकरण तथा धार्मिक शिक्षा के अलावा हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित पढ़ने में रुचि लेने वाले छात्रों के लिए छात्रवृत्ति से लेकर अन्य सुविधाओं में बढ़ोतरी से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संदेश को भी मजबूत करते हुए यह बताने की कोशिश की गई कि योगी सरकार मुसलमानों की दुश्मन नहीं है । बशर्ते वे अपनी आस्था के साथ देश और प्रदेश की तरक्की में कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हों।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर असम पुलिस ने पवन खेड़ा को किया गिरफ्तार : दिल्ली–रायपुर इंडिगो विमान रद्द

नई दिल्ली ब्यूरो : दिल्ली एयरपोर्ट पर असम पुलिस ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा अन्य नेताओं के साथ रायपुर में हो रहे अधिवेशन में शामिल होने जा रहे थे। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि नियमों के तहत असम पुलिस की अपील पर कार्रवाई हुई है। दरअसल, गुरुवार को पवन खेड़ा दिल्ली से रायपुर जा रही फ्लाइट में बैठने वाले थे। लेकिन उन्हें रायपुर जाने से रोक दिया गया। कांग्रेस ने पहले दावा किया कि पवन खेड़ा को दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस ने हिरासत में लेने का प्रयास किया गया। लेकिन बाद में ट्वीट किया कि दावा किया कि पवन खेड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही कांग्रेस ने सवाल किया कि खेड़ा ने ऐसा कौन सा जुर्म कर दिया। ये तानाशाही नहीं तो क्या है। पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस के नेता धरने पर बैठ गए। वहीं, दिल्ली से रायपुर जा रही फ्लाइट 6म–204 को भी रद्द कर दिया गया है। गिरफ्तारी के बाद पवन खेड़ा ने बताया कि ये एक लंबी लड़ाई है और मैं लड़ने के लिए तैयार हूं। असम पुलिस के प्छच लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार भुइयां ने कहा कि असम के दीमा हसाओ जिले के हाफलोंग थाने में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। असम पुलिस का कहना है कि खेड़ा के बयान से माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने बताया कि पवन खेड़ा को स्थानीय कोर्ट में पेश कर रिमांड लेने के लिए असम पुलिस की एक टीम दिल्ली गई है। कोर्ट के बाद खेड़ा को असम लाया जाएगा। आपको बता दें कि हाल ही में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी की थी। इसे लेकर भाजपा ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पवन खेड़ा ने



अडानी मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था अगर अटल बिहारी वाजपेयी जेपीसी बना सकते हैं तो नरेंद्र 'गौतम दास' मोदी को क्या दिक्कत है? हालांकि प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच में ही बयान देने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने अपने आसपास मौजूद लोगों से यह पूछा था कि क्या उन्होंने प्रधानमंत्री का मिडिल नेम सही पुकारा है? कांग्रेस का दावा–फ्लाइट से उतारा गया इससे पहले, कांग्रेस ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि आज इंडिगो की फ्लाइट 6E–204 से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिल्ली से रायपुर के लिए जा रहे थे। सभी लोग फ्लाइट में बैठ गए थे, उसी दौरान कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को फ्लाइट से उतरने को कहा गया। कांग्रेस पार्टी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि सबसे पहले ईडी छत्तीसगढ़ भेजी गई। अब कांग्रेस अधिवेशन में शामिल होने जा रहे पवन खेड़ा को फ्लाइट में चढ़ने से रोक दिया गया। इस तानाशाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। पहले ईडी ने रायपुर में छापामारी की, अब पवन खेड़ा को रोका उधर, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट करते हुए लिखा कि पहले ईडी ने रायपुर में छापामारी की, अब पवन खेड़ा को दिल्ली पुलिस द्वारा रायपुर के जहाज से उतारा गया है। तानाशाही का दूसरा नाम अमित शाही है। मोदी सरकार हमारे राष्ट्रीय महाअधिवेशन को बाधित करना चाहती है। हम डरने वाले नहीं हैं, देशवासियों के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

## विश्वविद्यालय में मनाया गया 26 वां दीक्षांत समारोह : मेधावियों का उपयोग समाज के लिए करे विश्वविद्यालय –राज्यपाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 26वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सर्वोच्च अंक पाने पर मेधावियों को 66 स्वर्ण पदक प्रदान किए। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र रहें। इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि देश में 65 फीसदी युवा जनसंख्या है। इसका अधिकतर भाग विश्वविद्यालय से होकर गुजरता है। युवाओं की मेधा का सकारात्मक उपयोग समाज के लिए विश्वविद्यालय को करना चाहिए। हमें विदेशों की नकल करने से अच्छा है युवाओं की सोच को विकसित कर उसका उपयोग देशहित में किया जाए। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की भी यही चिंता रहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से युवकों को स्वावलंबी बनाया जा रहा है, जब तक युवा स्वावलंबी नहीं बनेंगे तब तक देश आत्मनिर्भर नहीं बन सकता। देश में वृद्धाश्रम की बढ़ती संख्या पर उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों, मां का सम्मान करना सीखों, क्योंकि बचपन में कितने कष्ट सहकर मां ने आपका पालन–पोषण किया है। मां–पिता बुढ़ापे में आपसे दूर हो, शिक्षा का सही मायने यह नहीं है। उन्होंने आंगनबाड़ी की प्रशंसा करते हुए कहा कि मां का असली रूप वहां देखने को मिलता है, वहां 50–50 बच्चों को कार्यकर्ती कैसे संभालती हैं, हमें उनसे सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शोध की डिजाइन और प्रस्तुतीकरण वैश्विक स्तर का हो। उन्होंने स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए योग और मोटे अनाज का सेवन जरूरी है। इसकी जागरूकता के लिए स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय को योगदान देना होगा। छोटे बच्चों को दीक्षांत में बुलाने का मतलब उनके आगे के स्वप्न को साकार करना है। जी–20 की सोच को विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। समाज से दहेज की विकृति दूर करने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों को दहेज न लेने का संकल्प दिलाया। दीक्षांत उद्बोधन में मुख्य अतिथि महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि ज्ञान–विज्ञान सेवा और जीवन मूल्यों का जो अर्जन विद्यार्थियों ने किया है उसे समाज और राष्ट्रहित में उपयोगी बनाएं। पर्यावरण पर चर्चा करते हुए कहा कि धरती रहेगी तभी मानव रहेगा, इसलिए धरती के संरक्षण पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के लिए विश्वविद्यालय ज्ञान और शोध में इसे शामिल करें। युवाओं के बल पर ही देश आत्मनिर्भर बनेगा इसलिए उन्हें अपनी दक्षता दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि आज का दौर उपभोक्तावाद और व्यक्तिवाद का दौर है जिसमें 'सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः' का लक्ष्य विस्मृत होता जा रहा है। 'अधिक से अधिक प्राप्त करो और अधिकाधिक उपभोग करो' की जीवन शैली हमारी सामाजिक और आर्थिक संरचना के लिए घातक सिद्ध हो रही है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० निर्मला एस० मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों के निरन्तर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के इस अंचल में अवस्थित विश्वविद्यालय की अनेक भौगोलिक, सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक विशिष्टताएँ हैं। यहाँ के विद्यार्थियों में असीम उत्साह एवं क्षमता है। उन्हें जीवन के प्रति आधुनिक विचारों के साथ नये–नये तकनीकी, आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तनों से प्रशिक्षित करते हुए जीवन की ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बिन्दुवार बताया। दीक्षांत समारोह की शुरुआत में शोभायात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। शोभायात्रा में अतिथियों के साथ कार्य परिषद एवं विद्या परिषद के सदस्य शामिल हुए। दीक्षांत समारोह का संचालन प्रो. अजय द्विवेदी ने किया। इसके पूर्व जल भरों कार्यक्रम जल भरो गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर सांसद श्याम सिंह यादव, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, प्रो. बी. बी. तिवारी, प्रो. वंदना राय, डॉ मनोज मिश्र, डा. विजय सिंह, डा. राहुल सिंह, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. ए के श्रीवास्तव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. राम नारायण, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो प्रदीप कुमार, डा. मनीष गुप्ता, एनएसएस समन्वयक डा. राज बहादुर यादव, रोवर्स रेंजर्स डा. जगदेव, प्रो. रजनीश भास्कर, डा.संतोष कुमार, डा. रसिकेश, डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. अवध बिहारी सिंह, डा. जाह्नवी



श्रीवास्तव, डा. अमरेंद्र सिंह, डा. मनोज पांडेय, डा. आशुतोष सिंह, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, अजीत सिंह, बबिता सिंह, दीपक सिंह समेत आदि शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे। जौनपुर विश्वविद्यालय के 26 वें दीक्षांत समारोह में भारतीय सामाजिक परिप्रेक्ष्य में नारी और गतिमान वार्षिक पत्रिका का विमोचन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। इस पत्रिका में विश्वविद्यालय के वर्षभर की गतिविधियां स्वर्ण पदक धारकों की सूची, अतिथियों का परिचय समेत विश्वविद्यालय की विविध गतिविधियों को बड़े आकर्षण ढंग से प्रकाशित किया गया है। विमोचन अवसर पर पुस्तक की प्रधान संपादक कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, गतिमान के प्रधान संपादक डॉ. मनोज मिश्र, सम्पादन मण्डल में प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नितेश जायसवाल और डॉ लक्ष्मी मौर्य रहें। बच्चों को राज्यपाल के हाथों मिला उपहार वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 26 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कक्षा 6 से 8 में पढ़ने वाले 30 बच्चों को स्कूल बैग, फल, महापुरुषों पर प्रकाशित पुस्तकें आदि प्रदान किया। उज्ज्वल को मिला अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के एम.ए. जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थी को अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक दिया जाता है। वर्ष 2022 में एम. ए. जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने पर उज्ज्वल कुमार को यह पदक मिला। 66 मेधावियों को स्वर्ण पदक वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 26 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 65 मेधावियों को प्रथम प्रयास में अपने विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर 66 स्वर्ण पदक प्रदान किया। स्नातक स्तर पर 18 एवं परास्नातक स्तर पर 48 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिला। 307 शोधार्थियों को मिली पीएच.डी. की उपाधि दीक्षांत समारोह में 307 शोधार्थियों को मिली पीएच.डी. की उपाधि मिली. जिसमें 178 कला संकाय में, विज्ञान संकाय में 17,कृषि संकाय में 09, शिक्षा संकाय में 66, विधि संकाय में 09,इंजीनियरिंग संकाय में 04,वाणिज्य संकाय में 15,प्रबंध संकाय में 06,अनुप्रयुक्त समाज विज्ञान एवं मानविकी संकाय में 03 शोधार्थियों को उपाधि मिली। स्वास्थ्य केंद्र का किया राज्यपाल ने लोकार्पण विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र का माननीय राज्यपाल श्री आनंदीबेन पटेल ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों की दवा की उपलब्धता पर ध्यान दें। इस अवसर पर कुलपति, सीएमओ समेत डाक्टर और प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। प्रेरणा कोचिंग की राज्यपाल ने की सराहना वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा चलाए गए प्रेरणा कोचिंग सेंटर की माननीय राज्यपाल श्री आनंदीबेन पटेल ने सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे बच्चे का झुकाव स्कूल की तरफ जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सब काम नहीं कर सकती इस तरह के छोटे – छोटे प्रयास से ही देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। इस कोचिंग के समन्वयक डा. राजकुमार हैं।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से होगा मुकदमो का निपटारा

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) : आगामी 23 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाकर लोगों के लंबित मामलों का निबटारा करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। प्रचार वाहन के तहसील



सवायजपुर पहुँचने पर तहसीलदार डॉ अरुणिमा श्रीवास्तव ने लोगों को जागरूक करते हुए विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया। तहसील सवायजपुर में आगामी 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम के प्रचार वाहन के पहुंचने पर तहसीलदार डॉ अरुणिमा श्रीवास्तव ने मौजूद लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट,अधिवक्ताओं द्वारा कई विभागों में काफी समय से लंबित पड़े वादों का दोनों पक्षों की आपसी सहमति से निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्तराधिकार, मोटरवाहन, पारिवारिक कलह, फौजदारी तथा उपभोक्ता फोरम,दूरसंचार आदि विभिन्न वादों का आपसी सहमति व सुलह समझौता के माध्यम से निस्तारण कराया जायेगा।

## मालाड़ अग्निपिड़ित लोगों की मदद मे उतरे गौरीशंकर चौबे

मुंबई ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : मलाड के कुरारगांव क्षेत्र में बीते दिनों भीषण आग लगने से एक 12 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गयी थी। इस आगजनी मे तमाम झुग्गियां अचानक भीषण आग के चपेट में जलकर खाक हो गयी। आग लगने की जानकारी मिलते ही कयी सामाजिक संगठन,संस्था व राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा आर्थिक मदत के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया और सह्रदयता की मिसाल पेश की हैं। इसी क्रम मे मुंबई सहित देश भर मे अपनी सामाजिक सेवाएं प्रदान



कर रही सामाजिक संस्था द्वारिकमाई चौरिटी की टीम प्रख्यात समाजसेवी व संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरीशंकर चौबे की उपस्थिति में सभी पदाधिकारियों की टीम इस सेवाभाव मे जुटकर उन अग्निपीड़ितों की मदद कि जाऐ ,जो आग मे बहुत कुछ गवां चुके हैं। स्थानीय नागरिकों के पुनर्वसन मे संस्था पदाधिकारी की मिटिंग मे यह तय हुआ कि ऐसी आवश्यक वस्तुएं उन्हें प्रदान की जाऐ कि जो उनके काम मे आ सके ऐसा न हो कि कोई और संस्था की ओर से जो कुछ वस्तुएं दी गयी हो और पुनः वहीं वस्तु अपनी भी संस्था भी वितरित करे तो फिर कोई मतलब नहीं अतएव उपयोगी समस्त बिजली उपकरण जैसे पंखा, ट्यूबलाइट, बल्ब,इलेक्ट्रिक वायर स्विच बोर्ड इत्यादि की मदद कर उनकी सहायता आज दिनभर करते नजर आये। जो लगभग 65 घरों तक अपनी सेवाएं पहुंचा चुके है। बता दें कि जब से उस क्षेत्र मे आगजनी की दुर्घटना हुयी है, तब से द्वारिकामाई टीम द्वारा अन्य कई तरह से जरूरतमंदो को रोजमर्रा की सामग्रियां वितरित की जा रही हैं।इस सहकार्य से वापस उन लोगों के चौहरो मुस्कान लाने के लिए प्रयासरत हैं जो इस भीषण आगजनी मे अपना सब कुछ खो चुके हैं। संस्था अध्यक्ष गौरीशंकर चौबे ने बताया कि एक घर बसाने मे पूरी जिंदगी कम पड़ती हैं, ऐसे उन सभी लोगों के बुरे समय मे द्वारिकामाई चौरीटी हमेशा उनके साथ है और रहेगी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

कड़क शब्दों में हल्की बात कहनें से अच्छा है विनम्र शब्दों में ठोस बात कही जाये।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# फार्मा इंडस्ट्री : दवा के लिए भारत पर निगाहें

कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने हेतु फार्मा सेक्टर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ वैश्विक आपूर्ति शृंखला को सुचारू बनाने की रणनीति अपनानी होगी।

यकीनन इस समय देश का दवा उद्योग घरेलू और वैश्विक मांग की पूर्ति करने के लिए छलांगें लगाकर आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। दुनिया भर के देशों से दवाई की आपूर्ति बढ़ाने के निर्यात आदेश मिल रहे हैं। वित्तमंत्री ने दवा उद्योग के लिए अनुसंधान एवं नवाचार के जोरदार प्रावधान किए हैं। फार्मा उद्योग का जो बजट पिछले वर्ष करीब 100 करोड़ रुपये का था, उसे बढ़ाकर करीब 1,250 करोड़ रुपये किया गया है।

अमेरिका, यूरोप और रूस सहित अनेक देशों में दवाइयों की आपूर्ति में कमी के बीच दवा के लिए दुनिया की निगाहें अब भारत की ओर लगी हुई हैं। ऐसे में भारत दुनिया की नई फार्मेसी और वैक्सीन हब के रूप में उभरता दिखाई दे रहा है। इस समय भारत दवा उत्पादन के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर है और दवाई के मूल्य के मद्देनजर 14वें क्रम पर है। वैश्विक मंदी के बीच भी वित्त वर्ष 2022–23 में भारत से दवा का निर्यात 27 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर को छू सकता है।

भारत से दवाओं का निर्यात न केवल गरीब और विकासशील देशों को, बल्कि अमेरिका व यूरोप सहित विभिन्न विकसित देशों में भी किया जा रहा है। इस वर्ष अनेक भू–राजनीतिक कारणों से दवाओं की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित रही, लेकिन भारत ने दवाओं का निर्यात जारी रखा। इससे हमारे दवा उद्योग पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है और अप्रैल, 2022 से सितंबर, 2022 तक देश के फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में एफडीआई प्रवाह 8,081 करोड़ रुपये रहा है।

चूंकि भारत में दवाई उत्पादन की लागत अमेरिका एवं पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है, इसलिए भारत घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाली दवाओं के निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा रहा है। दुनिया की करीब 70 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की मैन्यूफैक्चरिंग भारत में ही होती है। जेनेरिक दवाओं के मामले में अफ्रीका की कुल मांग का 50 प्रतिशत, अमेरिका की मांग का 40 प्रतिशत तथा ब्रिटेन की कुल दवा मांग का 25 प्रतिशत हिस्सा भारत से ही जाता है। दुनिया की 60 फीसदी वैक्सीन का भी उत्पादन भारत में होता है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन की अनिवार्य टीकाकरण योजनाओं के लिए 70 प्रतिशत टीकों की आपूर्ति भारतीय कंपनियों द्वारा की जाती है।

कोरोना महामारी से जूझ रहे दुनिया के 150 से अधिक देशों को भारत ने जरूरी दवाइयां मुहैया कराई। कोरोना काल में फार्मा सेक्टर की कई वस्तुओं का भारत बड़ा उत्पादक और निर्यातक बन गया। भारत दुनिया में सर्जिकल मास्क, मेडिकल गॉगल्स और पीपीई किट का बड़े पैमाने पर निर्यात कर रहा है। भारत हेपेटाइटिस बी से लेकर एचआईवी व कैंसर जैसी घातक बीमारियों के लिए भी काफी सस्ती दवा बना रहा है।

केंद्र सरकार ने दवाई उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाने, अधिक कीमतों वाली दवाइयों के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने और चीन से आयात होने वाले दवाइयों के कच्चे माल–एपीआई के भारत में ही उत्पादन हेतु ढाई वर्ष पहले प्रोडक्शन लिंक इंसेंटिव्स (पीएलआई) स्कीम शुरू की थी, जिसे बड़ी सफलता मिली है। देश में पीएलआई स्कीम के कारण फार्मा उत्पादों के आयात में भारी कमी आई है। लेकिन फार्मा सेक्टर में जो चमकीली संभावनाएं निर्मित हुई हैं, उन्हें बरकरार रखने के लिए पीएलआई योजना से दवाई उत्पादन बढ़ाने पर और अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा। कच्चे माल की उपलब्धता में सुधार करने हेतु देश के विभिन्न राज्यों में फार्मा सेक्टर से संबंधित कच्चे माल की विनिर्माण इकाइयों तथा इनक्यूबेटर सेंटरों की स्थापना के लिए सरकार को समर्थन बढ़ाना होगा। फार्मा सेक्टर से संबंधित बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। निवेश के लिए इंटरनेशनल पार्टनर्स तलाशने होंगे। वैश्विक आपूर्ति शृंखला को मजबूत बनाने बारे में रणनीति बनानी होगी।

उम्मीद करें कि भारत का फार्मा सेक्टर जो वर्तमान में 50 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का है, वह 2030 तक करीब 130 अरब डॉलर और 2047 तक करीब 450 अरब डॉलर की ऊंचाई पर दिखाई दे सकेगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## नकल माफियाओं पर कसा शिकंजा : हल करने वाले 65 सलाखों के पीछे




प्रयागराज ब्यूरो : यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन बनाने की तमाम कोशिशों के बावजूद नकल माफिया परीक्षा केंद्रों पर नकल कराने में जुटे हैं। वैसे सख्ती का असर है कि प्रदेश में अब तक कुल 65 मुन्नाभाई पकड़े जा चुके हैं। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर इन्हें जेल भेजा जा चुका है। परीक्षा केंद्रों की लगातार मॉनिटरिंग की वजह से अब तक विभिन्न जिलों में अलग–अलग प्रश्नपत्रों में कुल 65 मुन्ना भाई पकड़े गए जो दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे। इनमें सबसे अधिक गाजीपुर एवं बलिया के है। तीसरे स्थान पर आगरा है। गाजीपुर में 18 और बलिया में 15 मुन्ना भाई पकड़े गए। इसी क्रम में आगरा में पांच, प्रयागराज–आजमगढ़ में चार–चार जबकि प्रतापगढ़ और गोरखपुर में तीन–तीन सॉल्वर शामिल हैं। इसके अलावा भदोही व जौनपुर में दो–दो मुन्नाभाई शिकंजे में आए हैं। सभी के खिलाफ एफआईआर कराते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है। इसके पहले मंगलवार को बोर्ड की सख्ती की वजह से डेढ़ लाख परीक्षार्थी गणित की परीक्षा से गैरहाजिर रहे। बुधवार को हाईस्कूल संस्कृत,संगीत वादन एवं इंटर चित्रकला. उर्दू समेत विभिन्न राज्य भाषाओं की परीक्षा थी। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि अधिकारियों की सक्रियता की वजह से नकल माफियाओं पर शिकंजा कसा जा सका है। अधिकारी निरंतर सतर्कता बरतेंगे। अंग्रेजी की परीक्षा पर रहेगी तीसरी नजर यूपी बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को दूसरी पाली की इंटरमीडिएट में अंग्रेजी की परीक्षा में 23.5 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ल के मुताबिक परीक्षार्थियों की संख्या के मद्देनजर बोर्ड नई रणनीति पर काम कर रहा है। शिक्षाधिकारी परीक्षा के एक दिन पहले केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे, स्ट्रांग रूम की जांच भी की जाएगी। बोर्ड भी सीसीटीवी कैमरे से परीक्षा पर नजर रखेगा। मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय के अफसर 24 घंटे मौजूद रहेंगे। होली बाद बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का शुरू होगा मूल्यांकन यूपी बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारियां भी बोर्ड ने अभी से शुरू कर दी हैं। बोर्ड की तरफ से परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होली पर्व के बाद शुरू होगा। इसको देखते हुए बोर्ड ने तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में सबसे पहले ओएमआर का मूल्यांकन कराया जाएगा। इसके बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन शुरू होगा। बोर्ड की तरफ से 15 कार्य दिवसों में मूल्यांकन का कार्य कराने का लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है।

## अभाविप ने उच्च शिक्षा में सुधार व भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध कठोर कारवाई के संदर्भ में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि मण्डल ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मिलकर उच्च शिक्षा में सुधार करने , अकादमिक सत्र, प्रवेश परीक्षा , शोध कोर्सवर्क नियमित करने , कुलपतियों की भ्रष्ट कार्यशौली , विद्यार्थियों को होने वाली परेशानियों के निराकरण की मांग की है। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से प्रवेश परीक्षा आयोजन में पंजीकरण हेतु लिये जाने वाले शुल्क के आय– व्यय को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर दर्शाने की मांग की है व कानपुर में यूजीसी गाइडलाइन की अवहेलना कर पीएचडी कोर्सवर्क को 100: आनलाइन कराने के संदर्भ में जांच कि मांग की है। वोकेशनल कोर्सेज के सुचारू रूप से संचालन व दयनीय स्थिति में सुधार, राजभवन में शिकायत निवारण प्रणाली में सुधार कर पुनः विकसित कर संचालन करने की मांग उठाई है। अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री साक्षी सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर अभाविप स्वीकार नहीं करेगी, ऐसे भ्रष्टाचारियों



के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि यह कार्यवाही समान रूप से सभी के लिए बिना किसी भेदभाव के पूर्ण हो तथा राज्य में हो रहे इन घटनाक्रमों की उच्च स्तरीय जाँच करायी जाय साथ ही दोषियों को सजा दिलाई जाय जिससे शिक्षार्थियों का भविष्य सुरक्षित रहे और राज्य प्रगतिपथ पर आगे बढ़ता रहे। राज्यपाल से मिले प्रतिनिधि मण्डल में अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री साक्षी सिंह, क्षेत्रिय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, प्रांत मंत्री आकाश, विक्रांत, अतेंद्र, सौरभ गौड़, शुभम, हंस उपस्थित रहे।

## गोड़धोइया नाले के लिए 650 करोड़ रुपये स्वीकृत : भूमि अधिग्रहण के साथ ही होंगे अन्य कार्य

गोरखपुर ब्यूरो : प्रदेश सरकार ने आम बजट में शहर की महत्वाकांक्षी गोड़धोइया नाला जीर्णोद्धार परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए 650.10 करोड़ की व्यवस्था की है। इस धन से नाले को चौड़ा करने के लिए भूमि अधिग्रहण के साथ ही अन्य कार्य किए जाएंगे। गोड़धोइया नाला जीर्णोद्धार परियोजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खास परियोजनाओं में से एक है। 474.42 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस नाले का शिलान्यास भी वह कर चुके हैं। इसके तहत इंटरसेप्शन, डायवर्जन व वाटर ट्रीटमेंट से संबंधित कार्य भी होने हैं। अब भूमि अधिग्रहण के लिए भारी भरकम बजट आवंटित हो जाने से परियोजना के काम में तेजी आएगी। गोड़धोइया नाला के जीर्णोद्धार से महानगर के 17 वार्डों की कई कॉलोनियों को जलभराव से मुक्ति मिल जाएगी। साथ ही इसके किनारे किनारे बनने वाली सड़क से जाम से भी निजात मिलेगी। मेडिकल कॉलेज के पास से रामगढ़ताल तक गोड़धोइया नाले को पक्का बनाने के साथ ही दोनों ओर पांच मीटर चौड़ी सड़क भी बनाई जाएगी। अतिक्रमण मुक्त होगा गोड़धोइया नाला जीर्णोद्धार परियोजना से गोड़धोइया नाला न केवल अतिक्रमण मुक्त होगा, बल्कि इससे 2.20 लाख की आबादी सीवरेज व जलभराव की समस्या से निजात पाएगी।



इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 19.364 किमी इंटरसेप्टिंग सीवर लाइन, 38 एमएलडी का एक एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट), 61 एमएलडी का एमपीएस (मॉलिक्यूलर प्रॉपर्टी स्पेक्ट्रोमेट्री), 19.364 किमी आरसीसी नाला निर्माण व 22 ब्रिज/कल्वर्ट आदि के कार्य प्रस्तावित हैं। इसके अंतर्गत कुल 17 वार्डों बिछिया जंगल तुलसीराम पश्चिमी, शिवपुर सहबाजगंज, जंगल शालिग्राम, बिछिया जंगल तुलसीराम पूर्वी, रेलवे बिछिया कॉलोनी, शाहपुर, भेड़ियागढ़, घोसीपुरवा, सेमरा, बशारतपुर, मानबेला, राप्तीनगर, लोहिया नगर, जंगल नकहा, राम जानकी नगर, शक्तिनगर एवं चक्सा हुसैन से जनित सीवेज जो नाले में बहते हैं, उन्हें प्रस्तावित 38 एमएलडी एसटीपी पर शोधित कर रामगढ़ताल में प्रवाहित किया जाएगा।

## अपंजीकृत हास्पिटल में प्रसूता की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग : दर्जनों पैथालॉजी व हॉस्पिटल पर हुई कार्यवाही

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सीएमओ गोरखपुर के निर्देश पर एडिशनल सीएमओ अनिल सिंह ,डॉ नंदलाल कुशवाहा, प्रभारी चिकित्साधिकारी उरूवा डॉ जेपी तिवारी , गौरव सिंह की टीम ने अपंजीकृत नर्सिंगहोम व पैथालॉजी सेंटर के खिलाफ अभियान चलाकर सील किया। बंद पड़े सेंटरों पर नोटिस चस्पा किया। इस कार्यवाही से विकास खण्ड उरूवा के झोला छाप डॉक्टरों, नर्सिंगहोम तथा पैथालॉजी सेंटरो संचालकों में हड़कंप मच गई।एकाध लोगों को छोड़ सभी बंद मिले। बंद पड़े सेंटरों पर नोटिस में स्पष्ट निर्देश है कि आपका पैथालॉजी/हॉस्पिटल बंद पाया गया।जो अपंजीकृत है। यदि आपका पैथालॉजी/ हॉस्पिटल भविष्य में संचालित पाया गया तो सील करते हुए विधिक कार्यवाही के साथ एफआईआर किया जाएगा। लोगों में चर्चा है कि यदि समय रहते



अपंजीकृत हॉस्पिटल व सेंटरों पर स्वास्थ्य विभाग कार्यवाही किया होता तो प्रसूता की मौत नहीं होती।बीते शनिवार को प्रसूता की मौत के बाद स्वास्थ विभाग जागा।

## शेयर में पैसे हारने पर रचा खुद के अपहरण का ड्रामा : फोन कर परिजनो से एक करोड़ की मांगी फिरौती

प्रयागराज ब्यूरो : अल्लापुर में रहने वाले 21 वर्षीय छात्र ने पुलिस को जमकर छकाया। शेयर ट्रेडिंग में चार लाख रुपये हारने के बाद घर से गायब हो गया और खुद के अपहरण की कहानी रच डाली। परिजनों को फोन कर एक करोड़ की फिरौती भी मांगी। आरपीएफ ने एमपी के खंडवा स्टेशन पर पकड़ा तो खुलासा हुआ। जिसके बाद जार्जटाउन पुलिस उसे ले आई और शांतिभंग में चलान कर दिया। अल्लापुर निवासी किराना दुकानदार का बेटा इंटर पास करने के बाद जेईई की तैयारी कर रहा है। 19 फरवरी को वह गायब हो गया। 20 फरवरी को परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसी दौरान पिता के पास फोन आया। इसमें बताया गया कि उसके बेटे का अपहरण हो गया है और उसे छुड़ाना है तो एक करोड़ रुपये देने होंगे। चौंकाने वाली बात यह है कि नंबर उसके पिता का ही था जिसे देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस जांच में जुटी ही थी कि 21 फरवरी को खंडवा आरपीएफ से फोन आया। बताया गया कि अल्लापुर निवासी युवक वहां संदिग्ध हाल में घूमता मिला है। इसके बाद जार्जटाउन पुलिस पहुंची और उससे पूछताछ की तो हकीकत सामने आई। छात्र ने बताया कि वह शेयर ट्रेडिंग में पिता के अकाउंट में जमा चार लाख रुपये हार गया था। इसके बाद डरकर वह घर से भाग निकला। फिर खुद के अपहरण की झूठी सूचना दी। लेकिन आरपीएफ ने उसे पकड़ लिया। जार्जटाउन एसओ धीरेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र का शांतिभंग में चालान किया गया है। मैजिक एप से की थी कॉलिंग पूछताछ में पुलिस ने जब छात्र से पूछा कि उसने अपने पिता के नंबर से ही कैसे कॉल किया तो उसने बताया कि इसके लिए उसने मैजिक एप का इस्तेमाल किया। बताया कि इस एप के जरिए कॉलिंग करने पर आप किसी भी नंबर का इस्तेमाल कर सकते हैं। कॉल करने से पहले आपको नंबर दर्ज करना होता है जो कोई भी हो सकता है। इसी एप के जरिए उसने अपने पिता का नंबर एप में डालते हुए कॉल किया था।

## प्रेमी संग पूर्व प्रेमी का कत्ल: आंखें नोंची उस्तरे से काटे दोनों हाथों के पंजे : शव का हाल देख कांपे डॉक्टर


अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ के क्वार्सी क्षेत्र के नगला मल्लाह के एक अपराधी युवक की उसकी पूर्व प्रेमिका ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात को सोमवार रात अंजाम दिया गया। पहले पूर्व प्रेमी को बातों में उलझाकर मिलने बुलाया, फिर जवां क्षेत्र में राख के बंधे पर बेहोश कर उसकी हत्या की गई। खबर पर हरकत में आई पुलिस ने चंद घंटों में हत्यारोपी युवती व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। प्रेमी जोड़े ने जिस दरिंदगी से हत्या को अंजाम दिया। उसी अंदाज में उन्होंने खुलकर पुलिस के सामने सच भी बयां किया। युवती ने साफ कहा कि खुद के साथ दुष्कर्म और प्रेमी के बाल काटने का बदला लिया है। पोस्टमार्टम में जो उजागर हुआ है, उसे देख सभी हैरान हैं। दोनों ने मिलकर सिर्फ उसका गला ही नहीं रेता। साथ में दोनों हाथों के पंजे ऊपर से काटे गए, आंखें तक नोंच ली गईं। पीट और पेट पर चाकू से कई प्रहार किए। शव की इस हालत को देख पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों तक ने दांतों तले उंगली दबा ली। पुलिस के अनुसार, दोनों को तड़के गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ शुरू की तो उन्होंने स्वीकारा कि गालिब उन्हें परेशान कर रहा था। युवती ने स्वीकारा कि पहले गालिब से उसकी दोस्ती थी। डेढ़ वर्ष पहले युवती ने उसे छोड़ अयाज से दोस्ती कर ली। जब वह छूट कर आया तो परेशान करने लगा। साथ रहने के लिए तरह तरह के दबाव बनाने लगा। इस पर युवती ने गालिब पर 11 जनवरी 2023 को दुष्कर्म, तेजाब से हमला करने व घर में घुसकर मारपीट करने तक का मुकदमा दर्ज कराया। यह मुकदमा न्यायालय के आदेश पर जवां पुलिस ने दर्ज किया था। युवती का कहना था कि गालिब ने दोस्ती के समय उसकी एक वीडियो बना ली थी। जिसे वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता था। इसी से आजिज आकर उसने गालिब से दूरी बनाई थी। जब वह जेल से छूटकर आया तो फिर वही प्रयास किया। इसी पर उसने मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें गालिब का भाई व मौसी भी सहयोग के आरोपी हैं। इसके बाद 10 फरवरी को गालिब




ने अयाज को केला नगर चौराहे पर पकड़कर पीटते हुए उसके बाल काट दिए। बस उसी दिन उससे बदला लेने की ठान ली। जिसके तहत वे नुमाइश से एक उस्तरा व एक रामपुरी चाकू खरीद कर लाए। फिर सोमवार को युवती ने गालिब को आजाद नाम के अपने फर्जी इंस्टा एकाउंट से कॉल कर उसे मिलने बुलाया। फिर उसी की स्कूटी पर बैठकर वह जवां बंधे पर पहुंची। जहां पहले से अयाज छिपा हुआ था। वहां उसे रबड़ी में नशीली गोली मिलाकर खिलाई, जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद चाकू व उस्तरा से अयाज ने उसकी हत्या की। पंजे काटने के दौरान चाकू कमजोर पड़ गया तो उस्तरे से उसे काटा और आंखें उंगली डालकर बाहर नोंच लीं। प्रभारी सीओ तृतीय मोहसिन खान के अनुसार हत्या में प्रयुक्त हथियार व मोबाइल घटना स्थल से एक किमी दूर छिपाए थे, जिन्हें बरामद किया गया है। स्कूटी को घटनास्थल से ही बरामद किया है। साथ में खून से सने कपड़े भी बरामद किए हैं। मृत गालिब पर भी हत्या, हतया के प्रयास व दुष्कर्म के मुकदमे दर्ज थे। इधर, एसएसपी ने चंद घंटों में हत्या का खुलासा करने वाली टीम को इनाम की घोषणा की है। गैस हॉकर गालिब की पांच वर्ष पहले हुई थी युवती से मुलाकात पुलिस पूछताछ में युवती ने स्वीकारा कि गालिब के माता–पिता की मौत हो चुकी है। वह अपने भाई तालिब संग मामा के घर रहता था। दोनों भाई गैस हॉकर का काम करते थे। युवती की मां बुटिक चलाती है। वहीं पांच वर्ष पहले युवती से उसकी मुलाकात हुई। चूंकि गालिब अपराध में फंस गया, इसलिए उसने दूरी बनाई थी। यह भी स्वीकारा कि मंगलवार शाम को दोनों शहर से भागने की तैयारी में थे। तभी दोनों को दबोच लिया।

## भारत में जल्द आ सकता है भूकंप –डॉ. भरत राज सिंह.

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ. भरत राज सिंह, वरिष्ठ पर्यावरणविद व महानिदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस, लखनऊ ने बताया कि एनजीआरआई के मुख्य वैज्ञानिक ने जारी की कड़ी चेतावनी, कहा 'भारतीय प्लेट हर साल 5 सेमी आगे बढ़ रही है, भूकंप की संभावना बढ़ रही है' हैदराबाद के एक प्रमुख मौसम वैज्ञानिक और भूवैज्ञानिक विशेषज्ञ ने कड़ी चेतावनी दी है कि भारतीय टेक्टोनिक प्लेट हर साल लगभग 5 सेमी आगे बढ़ रही है, जिससे हिमालय व आस पास के क्षेत्रों में साथ खतरा बढ़ रहा है और प्रमुख भूकंपीय घटनाओं अथवा भूकंप आने की संभावना निकट भविष्य में बढ़ रही है। हैदराबाद स्थित नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनजीआरआई) के मुख्य वैज्ञानिक और भूकंपविज्ञानी डॉ एन पूर्णचंद्र राव ने 21 फरवरी 2023 मीडिया को बताया कि, ''पृथ्वी की सतह में विभिन्न प्लेटें शामिल हैं जो लगातार गति में हैं। भारतीय प्लेट 5 सेमी प्रति वर्ष के गति आगे बढ़ रही है जिसके परिणामस्वरूप हिमालय में अधिक दबाव का संचयन होता है और भूकंप के बड़े खतरे की संभावना बढ़ जाती है आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में भूकंप तेलुगु राज्यों के कुछ हिस्सों में 3.0 तीव्रता का हल्का भूकंप महसूस किया गया। मुख्य वैज्ञानिक ने यह भी बताया कि ''हमारे पास उत्तराखंड में 18 सिस्मोग्राफ स्टेशनों का एक मजबूत नेटवर्क है। इस क्षेत्र को हिमाचल और नेपाल के पश्चिमी हिस्से के बीच भूकंपीय अंतराल के रूप में संदर्भित किया जाता है, जिसमें उत्तराखंड भी शामिल है।'' नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने यह भी बताया कि 20 फरवरी 2023 सोमवार को रात 10.38 बजे धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश से



56 किलोमीटर उत्तर में 3.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में था। भारत में जल्द भूकंप डच शोधकर्ता फ्रैंक हूगरबीट्स, जिन्होंने तुर्की और सीरिया में भूकंप की भविष्यवाणी की थी, ने भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बारे में इसी तरह की भविष्यवाणी की थी और ''हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से 56 किमी उत्तर में 22 फरवरी 2023 की रात में करीब 10:38 बजे 3.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की गहराई जमीन से 10 किमी नीचे थी।'' 19 फरवरी को, नंदीगामा शहर में भी भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 3.6 थी परन्तु इस घटना में किसी के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। डॉ. भरत राज सिँह, वरिष्ठ पर्यावरणविद व महा निदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस, लखनऊ ने बतायाः पूर्व में तुर्की व सीरिया में 6 फरवरी 2023 के आये 7.8 तीव्रता के प्रलयकारी भूकंप जिसमें 90, 000 से अधिक लोगों की जाने अभी तक जा चुकी है और इसके लिए भारत ने बढ़–चढ़कर मानवता को बचाने में अद्वतीय कार्य किया है । भारत के प्राकृतिक अपदा सुरक्षा सैनिकों की सराहना पूरे विश्व में हो रही है।हमें अपने देश में, भूकंप से होने वाली अपदा की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है । अतः हिमालय के आस–पास के इलाको के लोगों को भूकंप के आने की संभावना तथा सुरक्षा के नियमों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दिया जाना नितांत आवश्यक है ।

## खुली बैठक में नगमा अंसारी खरगूपुर इमिलिया की बनी कोटेदार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर(गोंडा)। ग्रामीणों की खुली बैठक में सरकारी कोटे की दुकान का चयन किया गया।करीब छः माह से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दुकान निलंबित चल रही थी। गुरुवार को रुपईडीह विकासखंड की ग्राम पंचायत खरगूपुर इमिलिया में स्थित ग्राम सचिवालय में खुली बैठक का आयोजन हुआ।पर्यवेक्षण अधिकारी एडीओ पंचायत प्रीतम श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी अजीत गुप्ता, पंचायत सहायक साक्षी मिश्रा की मौजूदगी में सस्ते गल्ले की दुकान का चयन प्रक्रिया शुरू हुई।यहां दुकान के लिए मात्र एक आवेदक होने के चलते नगमा पत्नी अब्दुल हफीज के नाम कोटा का चयन हुआ।उल्लेखनीय है कि यहां सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान करीब



छः महीने पहले ग्रामीणों की शिकायत के बाद संबंधित विभाग द्वारा निलंबित कर दी गई थी। कोटा चयन के दौरान ग्राम प्रधान मेहरून्निसा अंसारी,धर्मेंद्र मिश्रा,मोहम्मद वहीद अंसारी,मोहम्मद हुसैन, शिव नारायण,मोहम्मद मोबीन सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।सुरक्षा के मद्देनजर उपनिरीक्षक घनश्याम वर्मा आरक्षी राजकिशोर एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई संत शिरोमणि बाबा संत गाड्गे महराज की जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संत शिरोमणि बाबा संत गाड्गे महराज के जंयती के अवसर पर सपा जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत गाड्गे महराज का वास्तविक नाम देबूजी झिंगरजी जानोरकर था उनका जन्म 23 फरवरी 1876 को महराष्ट्र के अमरावती जिलें के अंजनगांव सुरजी तालुका के शेड्गाओ गांव में हुआ था वे एक घूमते फिरते सामाजिक शिक्षक थें और कहते थे कि शिक्षा बड़ी चीज है पैसे की तंगी हो तो खाने के बर्तन बेच दो औरतों को कम दामों के कपड़ें खरीदों टूटे फूटे मकान में रहों पर बच्चों को शिक्षा दिए बिना न रहो वे पैरों में फटी हुई चप्पल और सिर पर मिट्टी का कटोरा ढककर पैदल यात्रा किया करते थे और यही उनकी पहचान थीं जब वे किसी गांव में प्रवेश करते थे तो गाड्गे महराज तुरंत ही गटर और रास्तों को साफ करने लगते और काम खत्म होने के बाद वे खुद लोगों को गांव के साफ होने की बधाई भी देते थे गांव के लोग उन्हें पैसे भी देते थें और महराज उन पैसों का उपयोग सामाजिक विकास और समाज का शारीरिक विकास करने में लगाते लोगों से मिले हुए पैसे



से महाराज गांव में स्कूल,धर्मशाला, अस्पताल और जानवरों के निवास स्थान बनवाते थे गांव की सफाई करने के बाद शाम में कीर्तन का आयोजन भी करते थे और अपनी कीर्तन के माध्यम से जन–जन तक लोकोपकार और समाज के कल्याण का प्रचार करते थे आधुनिक भारत में जिन महापुरुषों पर गर्व होना चाहिए उनमें से राष्ट्रीय संत गाड्गे बाबा का नाम सर्वोपरि है मानवता के सच्चे हितैषी सामाजिक समरसता के घोतक यदि किसी को माना जाए तो वे थे संत गाड्गे महराज जंयती के अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष राजबहादुर यादव, उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम,गप्पू मौर्या,कृष्णा यादव,संजीव साहू,रियाज अहमद,देवमणि यादव,लक्ष्मी कान्त यादव, विक्की यादव,धर्मेंद्र सोनकर सोनी यादव, सोनी सेठ,आसिफ शाह,महेश यादव, अमजद अली, आदि संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया ।

# साइबर जागरूकता अभियान : साइबर अपराधों से रहे सजग : जानकारी ही सही बचाव –अजय पाल शर्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के आदेशानुसार साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में फिनो पेमेंट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों को लाइन बाजार क्षेत्र अंतर्गत फिनो पेमेंट बैंक की मुख्य शाखा में पुलिस अधीक्षक जौनपुर, अजय पाल शर्मा के निर्देशन में ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों को साइबर क्राइम से संबंधित बचाव की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता साइबर विशेषज्ञ ओमप्रकाश जायसवाल ने ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए निम्न उपाय बताये है। आधार कार्ड से संबंधित होने वाली ठगी/साइबर फ्रॉड के लगातार बढ़ते मामले को ध्यान मे रखते हुए पैंसो के लेनदेन अथवा उपयोग करते हुए भी सजगता बरतनी चाहिए। किसी भी कंपनी का कस्टमर केयर नंबर उसकी आधिकारिक वेबसाइट से ही लें, क्योंकि साइबर ठगों ने अपने मोबाइल फोन नंबरों को विभिन्न आनलाइन कंपनियों के कस्टमर केयर के नाम से गूगल पर अपडेट कर रखा है। कोई भी बैंक अधिकारी फोन पर कभी भी एटीएम, खाते व क्रेडिट कार्ड से संबंधित जानकारी नहीं मांगता। इसलिए कभी भी फोन काल पर बैंक से




संबंधित जानकारी शेयर न करें। किसी भी क्यूआर कोड से पेमेंट लेते या देते समय पूरी सतर्कता बरतते हुए यह जरूर देखें कि क्यूआर कोड पेमेंट लेने वाला है या देने वाला। किसी को भी मोबाइल या फोन पर अपने खाते का विवरण/ओ0टी0पी0 न दे । आनलाइएं शॉपिंग या पेमेंट करते हुए विशेष सावधानी रखे। फेसबुक इत्यादि सोशल साइट्स के पासवर्ड बेहद गोपनीय रखे और समय समय पर बदलते रहे।

# प्रयागराज : यमुना नदी की धारा में करोड़ों की लागत से बनेगा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट

प्रयागराज ब्यूरो : शहरी जल्द ही यमुना नदी की धारा में रेस्टोरेंट एवं पार्टी का आनंद उठा सकेंगे। त्रिवेणी दर्शन के सामने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट बनने जा रहा है। कोई बाधा नहीं आई तो चार से पांच महीने में यह रेस्टोरेंट शुरू भी हो जाएगा। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में इसका प्रस्तुतीकरण हुआ। स्मार्ट सिटी के तहत बनने वाले इस रेस्टोरेंट पर कुल 5.06 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें 40 से 50 लोगों के बैठने की सुविधा होगी। इसमें सामान्य रेस्टोरेंट की तरफ अलग–अलग जायके का तो लुत्फ तो उठाया ही जा सकेगा, छोटी पार्टी भी की जा सकेगी। यानी सेमिनार, सगाई, जन्मदिन समारोह आदि आयोजन किए जा सकेंगे। इसके लिए इसमें दो हॉल भी होंगे। यह रेस्टोरेंट नौ महीने खुला रहेगा। बारिश के दिनों में तीन महीने के लिए किला घाट पर सुरक्षित खड़ा कर दिया जाएगा। सलाहकार कमांडर राजेंद्र निगम ने बताया कि इसमें अच्छे रेस्टोरेंट की सभी सुविधाएं होंगी। मेन्यू के अलग–अलग पैकेज होंगे। इनकी कीमत ऐसी होगी कि सामान्य लोग भी इसमें आ सकें। मंडलायुक्त ने बताया कि इसके लिए एनजीटी की अनुमति समेत अन्य प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। मानसून से पहले इसका निर्माण करा लिया जाएगा। सुरक्षा के होंगे इंतजाम फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम के दावे किए जा रहे हैं। रेस्टोरेंट के अलावा बोट शेड होगा। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट को वाटर फ्रंट से जोड़ने के लिए एक स्लिपवे, नदियों में पार्टी एवं अधिक लोगों को एक साथ बोटिंग के दृष्टिगत दो कैटामारन होंगे। दुर्घटना से लोगों को बचाने के लिए दो स्पीड बोट, पर्याप्त मात्रा में लाइफ जैकेट तथा लाइफ गार्ड्स के भी इंतजाम होंगे। वाटर स्पोटर्स, बोटिंग की होगी सुविधा यमुना नदी में वाटर स्पोर्ट्स के विकास भी योजना बनाई गई है।



इसके लिए वहां बोटिंग की सुविधा भी होगी। महाकुंभ से पहले लाइट मेट्रो पर निर्णय 15 दिनों में महाकुंभ–2025 से पहले लाइट मेट्रो के एक रूट का निर्माण कार्य पूरा हो पाएगा या नहीं इस पर 15 दिनों के भीतर निर्णय होने की उम्मीद है। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बुधवार को बैठक कर प्रगति की जानकारी ली। साथ ही राइट्स समेत अन्य संस्थाओं से 15 दिनों में रिपोर्ट मांगी है। प्रयागराज में लाइट मेट्रो के निर्माण का निर्णय गया है। महाकुंभ–2025 से पहले संगम से अंदावा के बीच एक लाइन पर मेट्रो चलाने का भी निर्णय लिया गया था, लेकिन समय की कमी को देखते हुए इसे लेकर संशय बन गया है। इसके लिए सर्वे एवं डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी रेलवे की संस्था राइट्स तथा यूएमटीएस को दी गई है। मंडलायुक्त ने राइट्स की रिपोर्ट के आधार पर तय होगा कि महाकुंभ आयोजन से पहले लाइट मेट्रो के एक रूट पर संचालन हो पाएगा या नहीं। बजट में प्रावधान होने से लगा झटका प्रदेश सरकार की ओर से बुधवार को प्रस्तुत बजट में आगरा एवं कानपुर मेट्रो के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। वाराणसी, गोरखपुर आदि शहरों में लाइट मेट्रो के लिए भी बजट का प्रावधान किया गया है लेकिन प्रयागराज का नाम नहीं लिया गया। हालांकि शहरों के नाम के आगे आदि शब्द का उपयोग किया गया है। ऐसे में महाकुंभ से लाइट मेट्रो के एक रूट के निर्माण की उम्मीदों को झटका लगा है।

## लक्ष्य के लिए विद्यार्थी करें प्रयास –कुलपति

मार्ग दुर्घटना में पिता घायल पुत्र नीरज की उपचार के दौरान मौत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर(गोंडा) बुधवार की रात बाइक और प्राइवेट बस की आमने सामने की हुई भिड़ंत में बाइक सवार पिता पुत्र घायल हो गए।जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।वहां गुरुवार को बेटे की उपचार के दौरान मौत हो गई।बुधवार की रात इटियाथोक गोंडा मार्ग पर कपूर पेट्रोल पंप के पास गोंडा की तरफ जा रहे बाइक सवार पिता पुत्र सामने से आ रही बस से भिड़ गए।प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि घनश्याम उपाध्याय(46) निवासी बेनीपुर बेलवा बहुता अपने बेटे नीरज(20) के साथ बाइक से घर जा रहे थे।सड़क हादसे में घायल होने पर दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया था।वहां नीरज की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु मेला 24 फरवरी को

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जनपद स्तर पर डूडा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत 24 फरवरी 2023 दिन शुक्रवार को जन कल्याण सेवा समिति, इन्द्रसानी काम्पलेक्स, बलुआघाट नियर होटल रिवर व्यू आजमगढ़ रोड जौनपुर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन कराया गया है, जिसमें शहरी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार प्रतिभाग कर लाभ उठा सकते हैं। परियोजना अधिकारी डूडा शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में भारत एच0आर0 सल्यूशन प्रा0लि0 हरियाणा, बोन इण्डिया सर्विसेज प्रा0लि0 नोएडा, कार्ड एक्सपेक्ट्रीज इण्डिया प्रा0लि0 नोएडा, ए0पी0एस0 सेल एण्ड सर्विस जौनपुर, निरंजन इण्टरप्राइजेज, जौनपुर आदि कंपनिया भाग ले रही है, जो शिक्षित बेरोजगारों को उनके शैक्षिक योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य करेंगी। रोजगार मेला प्रभारी जितेन्द्र सिंह, शहर मिशन प्रबन्धक डूडा ने शहर के शिक्षित बेरोजगारों से उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग कर अपनी शैक्षिक योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त करने हेतु उनका आह्वान किया है।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने दी बधाई

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कैडेट अनंत सिंह सेंगर पुत्र विजय पाल सिंह सेंगर के सेना मे ऑफिसर बनने के उपरांत उनके पिता को बधाई देने उनके निज निवास खरकपुर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद



कन्नौज की टीम पहुंची। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से मेजर बी एस तोमर, शंकर सिंह, शिव नारायण सिंह, दीपेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, मोहन लाल मिश्रा, राजेश सिंह सिसोदिया, मान सिंह, ओमकार सिंह, इंदरजीत सिंह बचान सिंह,राजेंद्र द्विबेदी,बलवीर सिंह,नील कमल सिंह, विवेक सिंह आदि भारी संख्या पूर्व सैनिक रहे।

## 2500 करोड़ से महाकुंभ के कार्यों को मिलेगी रफ्तार : 70 फीसदी होंगे स्थायी निर्माण

प्रयागराज ब्यूरो : बजट में 2500 करोड़ रुपये का प्रावधान किए जाने से महाकुंभ–2025 के लिए अब तक स्वीकृत 880 परियोजनाओं के काम को रफ्तार मिलेगी। खास यह कि इनमें 70 फीसदी स्थायी निर्माण कराए जाएंगे। महाकुंभ के मद्देनजर अब तक पर्यटन, पीडीए, बिजली, जल निगम, लोक निर्माण, सेतु निगम समेत अन्य विभागों की 880 परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इसमें अक्षयवट कॉरिडोर, द्वादश वेणी माधव का सुंदरीकरण, भारद्वाज



आश्रम, नागवासुकि समेत अन्य मंदिरों का विस्तार एवं सुंदरीकरण, पक्के घाट समेत अनेक निर्माण कार्य शामिल हैं। इन पर 9000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनमें से 7000 करोड़ रुपये महाकुंभ के बजट से मिलेंगे। वहीं 2000 करोड़ रुपये विभाग के बजट से मिलेंगे। इन प्रस्तावों के लिए महाकुंभ के बजट से 650 करोड़ रुपये पहले ही मिल चुके हैं। इनकी मदद से प्रस्ताव तैयार करने के साथ मंदिरों का सुंदरीकरण समेत कई काम शुरू हो गए हैं। अब प्रदेश के बजट में 2500 रुपये का प्रावधान किया गया है। महाकुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद का कहना है कि यह बजट वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए स्वीकृत हुआ है। जल्द ही अलग–अलग प्रस्तावों के लिए बजट जारी कर काम में तेजी लाई जाएगी। महाकुंभ के सभी काम 2024 दिसंबर से पहले पूरे होने हैं। इसके अलावा अभी कई नए प्रस्ताव भी तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे में जरूरत हुई तो अनुपूरक बजट की मांग की जाएगी। – विजय विश्वास पंत, मंडलायुक्त रोपवे, रिवर फ्रंट कॉरिडोर का तैयार हो रहा प्रस्ताव संगम पर रोपवे, यमुना नदी के सात घाटों पर रिवर फ्रंट कॉरिडोर, त्रिवेणी पुष्प समेत कई निर्माण कार्यों के प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। इनके लिए अलग से बजट की मांग की जाएगी। विधि विवि के लिए मिले 103 करोड़, जल्द होगा निर्माण राजेंद्र प्रसाद नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के लिए बजट में 103 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जल्द ही काम शुरू होने के साथ इसमें तेजी आने की उम्मीद जगी है। झलवा में 25 एकड़ में आधुनिक सुविधाओं वाले लॉ यूनिवर्सिटी का निर्माण कराया जाना है। इस पर कुल 300 करोड़ रुपये लागत आने की उम्मीद है। इसके लिए जमीन की बाउंड्री भी करा ली गई है लेकिन जमीन के एक हिस्से को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। इसकी वजह से काम बीच में रोक दिया गया। यूनिवर्सिटी का आकार क्या होगा और उसमें कौन–कौन सी सुविधाएं होंगी इसे लेकर विशेषज्ञ संस्था की मदद ली जाएगी, लेकिन इसके लिए सर्वे की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो पाई। हालांकि, अब जल्द ही विवाद दूर होने के दावे किए जा रहे हैं। डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि छोटे से हिस्से को लेकर विवाद है। 10 दिन में उसका समाधान करा लिया जाएगा। ऐसे में बजट में 103 रुपये का प्रावधान किए जाने से काम में तेजी तथा जल्द निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद जगी है।

## पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर लुटेरा गिरफ्तार पैर में लगी गोली


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुगराबादशाहपुर, मछलीशहर व मीरगंज की संयुक्त टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर अन्तर्जनपदीय लुटेरा गिरफ्तार किया है इनके कब्जे से तमंचा कारतूस, चोरी की मोटर साइकिल व 4400 रुपया नकद बरामद किया। पुलिस के अनुसार डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे सघन अभियान के तहत शैलेन्द्र कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व अतर सिंह, क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में दिनांक 22/2302/2023 की रात्रि थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर नीभापुर रेलवे क्रासिंग के आगे चेकिंग कर रहे थे कि उसी समय प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर व थानाध्यक्ष मीरगंज अपनी–अपनी टीम के साथ आये और अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम के सम्बन्ध में चर्चा होने लगी कि मुखबीर खास से सूचना मिली कि दिनांक 19/02/2023 को धरमपुर के पास महिला को घायल कर चौन लूटने वाले दोनों शातिर अपराधी एक सुपर स्प्लेन्डर मोटर साइकिल से जंघई से मुगरा बादशाहपुर की तरफ आ रहें हैं। सूचना पर पुलिस टीम अपने आपको छिपाते हुये जंघई की तरफ से आने वाले व्यक्तियों का इन्तजार करने लगी कि थोड़ी ही देर में जंघई की तरफ से एक मोटर साइकिल आती हुई दिखाई दी नजदीक आने पर जैसे ही पुलिस टीम द्वारा उस मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया गया कि मोटर साइकिल सवार मोटर साइकिल को पुनः मोड़ते हुये पुलिस टीम पर फायर कर भागने लगे। मोटर साइकिल सवारो का पुलिस टीम द्वारा करीब 200 मीटर तक पीछा किया गया कि मोटर साइकिल असन्तुलित हो जाने के कारण दोनो गिर गये। पुलिस टीम को जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर करने लगे जिसमें एक गोली थानाध्यक्ष मुगराबादशाहपुर के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी एवं एक गोली प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर के बगल से निकल गयी। आत्मरक्षार्थ चेतावनी देते हुये पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया, जिससे एक बदमाश घायल होकर गिर गया। घायल बदमाश से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम अतुल गौड़ पुत्र लहरी गौड़ निवासी भूपियामऊ डिहवा थाना कोतवाली सिटी जनपद प्रतापगढ़ बताया एवं एक अभियुक्त रात्रि में अंधेरे का लाभ लेते हुये भाग गया जिसके सम्बन्ध में पूछा गया तो भागने वाले अभियुक्त का नाम सत्यम तिवारी पुत्र सन्तोष तिवारी निवासी रामपुर कला (भाट का पूरा) थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर बताया। घायल अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व लूटी गयी चौन को बेंचने के बाद मिला हिस्से का पैसा नगद 4400 रुपये व चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है



अभियुक्त की गिरफ्तारी से जनपद में इस तरह के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। गिरफ्तार अभियुक्त का नामपता– 1.अतुल गौड़ पुत्र लहरी गौड़ निवासी भूपियामऊ डिहवा थाना कोतवाली सिटी जनपद प्रतापगढ़। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0–1208/15 धारा–356/411 भा0द0वि0 थाना कोतवाली सिटी प्रतापगढ़। 2. मु0अ0सं0–02/16 धारा–356/411 भा0द0वि0 थाना कोतवाली सिटी प्रतापगढ़। 3.मु0अ0सं0–1006/16 धारा–379/411/467/468/471 भा0द0वि0 थाना कोतवाली सिटी प्रतापगढ़। 4. मु0अ0सं0–34/17 धारा–34/379/392/412/419/420/467/468/471 भा0द0वि0 व 3/25 आयुध अधि0 कोतवाली सिटी प्रतापगढ़। 5.मु0अ0सं0–115/17 धारा–392/411 भा0द0वि0 थानाकन्धई प्रतापगढ़। 6.मु0अ0सं0–255/17 धारा–379/411 भा0द0वि0 थाना कोतवाली सिटी प्रतापगढ़। 7. मु0अ0सं0–207/18 धारा–379/411/413/414/420 भा0द0वि0 थाना फतनपुर प्रतापगढ़। 8.मु0अ0सं0–212/18 धारा–379/411/413/414/420 भा0द0वि0 थाना फतनपुर प्रतापगढ़। 9. मु0अ0सं0–538/18 धारा–25 आयुध अधि0 थाना कन्धई प्रतापगढ़ 10.मु0अ0सं0–656/18 धारा–379/411 भा0द0वि0 थाना कोतवाली प्रतापगढ़। 11.मु0अ0सं0–169/19 धारा–41/411/413/414 भा0द0वि0 थाना कन्धई प्रतापगढ़। 12.मु0अ0सं0–249/19 धारा–307 भा0द0वि0 थाना कन्धई प्रतापगढ़। 13.मु0अ0सं0–251/19 धारा–25/27/3 आयुध अधि0 थाना कन्धई प्रतापगढ़। 14. मु0अ0सं0–287/19 धारा–392/411 भा0द0वि0 थानारानीगंज प्रतापगढ़। 15.मु0अ0सं0–140/22 धारा–457/380/411 भा0द0वि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 16.मु0अ0सं0–157/22 धारा–457/380/411 भा0द0वि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 17. मु0अ0सं0–169/22 धारा–379/411 भा0द0वि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 18.मु0अ0सं0–170/22 धारा–411/413/414/467/468/471भा0द0वि0 थानामुगराबादशाहपुर जौनपुर। 19.मु0अ0सं0–212/22 धारा–3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 20 मु0अ0सं0–279/22 धारा–379/411 भा0द0वि0 थाना लाईन बाजार जौनपुर। 21.मु0अ0सं0–40/23 धारा–307 भा0द0वि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 22. मु0अ0सं0–41/23 धारा–411 भा0द0वि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 23.मु0अ0सं0–42/23 धारा–3/25 आयुध अधि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 24.मु0अ0सं0–35/23 धारा–392/411 भा0द0वि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.एक तमंचा 315 बोर मय एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर। 2.एक चोरी की मोटर साइकिल व 4400 रुपया नकद। फरार अभियुक्त का नाम पता– सत्यम तिवारी पुत्र सन्तोष तिवारी निवासी रामपुर कला (भाट का पूरा) थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर।

# संगमनगरी में शताब्दी वर्ष के एजेंडे पर मंथन करेंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत

प्रयागराज ब्यूरो : अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने से पहले गांव–गांव जश्न मनाने और वर्ष भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए आरएसएस व्यापक कार्ययोजना पर मंथन कर रहा है। इस क्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत 27 फरवरी को प्रयागराज में प्रवास करेंगे। इस दौरान वह काशी प्रांत के प्रचारकों से मुलाकात कर शताब्दी वर्ष के एजेंडे पर चर्चा कर सकते हैं। संघ प्रमुख गांवों में शाखा विस्तार के साथ ही सामाजिकता वाले कार्यक्रमों के जरिए हर व्यक्ति तक पहुंचने का संदेश भी देंगे। संघ प्रमुख मोहन भागवत मां विंध्यवासिनी के दर्शन के बाद शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर मंथन के लिए 27 फरवरी की दोपहर यहां पहुंचेंगे। संघ प्रमुख के आगमन से काशी प्रांत के 26 जिलों के प्रचारकों के अलावा अन्य पदाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। संघ प्रमुख के आगमन की अंदरखाने पखवारे भर से तैयारी चल रही है। इसी क्रम में क्षेत्रीय स्तर पर हर गांव में शाखा विस्तार की रणनीति तैयार कर ली गई है। शताब्दी वर्ष के एजेंडे के तहत संघ ने गांवों में अपना विस्तार शुरू कर दिया है।इसके लिए खंड स्तर पर शाखाओं के गठन और संचालन की शुरुआत की गई है। संगठनात्मक दृष्टि से फूलपुर में संघ के गंगापार जिले में केशव भवन के रूप में कार्यालय की स्थापना इसी विस्तार की एक अहम कड़ी मानी जा रही है। इसी तरह यमुनापार जिले में भी संघ ने गांवों में अपना विस्तार शुरू कर दिया है। स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के पहले जिले के सभी 3178 गांवों तक शाखा विस्तार का लक्ष्य रखा गया है। संघ प्रमुख के आगमन पर पूरे प्रांत में गांव स्तर पर शाखाओं के विस्तार का खाका प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा वर्ष भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा भी



उनके समक्ष रखने की तैयारी की गई है। संघ प्रमुख के आगमन से पहले बीते माह सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले काशी प्रांत समेत पूर्वी जोन के प्रचारकों के साथ इस एजेंडे पर विस्तार से चर्चा कर करने के साथ ही फीडबैक ले चुके हैं। इस दौरान उन्होंने विभाग और प्रांत के अलावा जिले स्तर पर काम कर रहे प्रचारकों को लगातार गांवों में प्रवास करने के साथ ही स्वयंसेवकों के साथ संवाद करने के लिए के लिए कहा था। इसी क्रम में गांवों में संघ को विस्तार देने के साथ ही आरएसएस के समावेशी अभियानों के लिए काशी प्रांत में प्रबुद्ध जनों से संपर्क भी शुरू कर दिया गया है। संघ प्रमुख के समक्ष मई में काशी में होने वाले संघ शिक्षा वर्ग की तैयारियों पर भी चर्चा की जाएगी। कहा जा रहा है कि संघ शताब्दी वर्ष का जश्न मनाने से पहले गांवों में अपनी सियासी जड़ों को जमाना चाहता है। इसके लिए समावेशी कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं। कुटुंब प्रबोधन, समरसता संगोष्ठियों के साथ ही सहकारिता आंदोलन को भी इस अभियान का हिस्सा बनाने की योजना है।अब संघ प्रमुख अपने इस दौरे के समय क्षेत्रीय प्रचारकों के गांव–गांव प्रवास करने और स्वयंसेवकों के साथ संवाद बनाने की मुहिम की समीक्षा भी कर सकते हैं। संघ की ओर से प्रत्येक गांव में शाखा लगाने का लक्ष्य है। हालांकि जहां अभी शाखा नहीं लग पा रही है, वहां सामाजिक कार्यक्रमों के जरिये अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए कहा गया है।

# प्रधानी के चुनाव से शुरू हुई रंजिश : दो साल में चार हत्याएं : 'अपने' ही बने जान के दुश्मन

बदायूं ब्यूरो : बदायूं के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव आरिफपुर भक्ता नगला में हुए तिहरे हत्याकांड की मुख्य वजह प्रधानी चुनाव की रंजिश बताई जा रही है। दोनों ही पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं। अप्रैल 2021 में हुए प्रधानी के चुनाव में महीपाल पक्ष ने वर्तमान प्रधान रामसेवक और अमर सिंह पक्ष ने पूर्व प्रधान सर्वेश को चुनाव लड़ाया था। इस दौरान वोट काटने को लेकर दोनों पक्षों में रंजिश पनपने लगी। इस रंजिश में अब तक चार लोगों की हत्या हो चुकी है। चुनाव के बाद अमर सिंह पक्ष ने विरोधी पक्ष के जगदीश की पीट–पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पूर्व प्रधान सर्वेश भी नामजद है। अमर सिंह और महीपाल आपस में रिश्तेदार हैं। महीपाल, अमरसिंह का रिश्ते का चाचा लगता है। दोनों ही यादव बिरादरी के हैं। महीपाल के पिता चंपत सिंह गांव के पूर्व प्रधान थे और भाई कल्यान जिला पंचायत सदस्य रहा है। हालांकि दोनों की पूर्व में मौत हो चुकी है लेकिन उनके परिवार पर राजनीति का जुनून अब भी सवार है। अप्रैल 2021 में प्रधानी का चुनाव हुआ था। तब महीपाल खुद प्रधानी का चुनाव नहीं लड़ा लेकिन उसने वर्तमान प्रधान रामसेवक का पूरा साथ दिया था। अपने परिवार के अलावा गांव के अन्य लोगों के भी वोट दिलाए थे, लेकिन अमर सिंह रामसेवक का साथ देने को तैयार नहीं था। उसने पूर्व प्रधान सर्वेश को चुनाव लड़ाया था। ग्रामीणों के मुताबिक चुनाव के दौरान दोनों पक्ष एक–दूसरे के विरोधी बन गए। विरोध बढ़ने पर दोनों एक–दूसरे से रंजिश मानने लगे। पांच अक्तूबर 2021 की रात सर्वेश और सीताराम शराब पी रहे थे। इस दौरान उन्होंने गालीगलौज किया। इसका 65 वर्षीय जगदीश के बेटे वीरेश ने विरोध किया तो उन्होंने पथराव कर दिया था। शोर सुनकर जगदीश मौके पर पहुंचे। उन्होंने समझाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया और पीट–पीटकर



उनकी हत्या कर दी। इस मामले में भजनलाल की तहरीर पर सर्वेश, सीताराम, अमरसिंह और अमरपाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। बुधवार को फिर से दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। उनके बीच हुई गोलीबारी में तीन लोगों की जान चली गई। डेढ़ महीने पहले भी हुई थी दोनों पक्षों में मारपीट ग्रामीणों के मुताबिक करीब डेढ़ महीने पहले अमरसिंह पक्ष का दलवीर अपने खेत पर फसल की रखवाली करने जा रहा था। इस दौरान महीपाल पक्ष के हरिओम का छोटा भाई राजन अपनी फसल की सिंचाई करके बाइक पर घर लौट रहा था। रास्ते में दलवीर ने उसके मुंह पर टार्च की रोशनी मार दी थी। इसका विरोध करने पर दोनों में मारपीट हो गई थी। बताते हैं कि पहले उन्होंने दलवीर को पीट दिया था। बाद में दलवीर ने उनके पक्ष के लोगों से मारपीट की थी। रंजिश ऐसी हर समय रखते थे असलहे दोनों पक्षों में ऐसी रंजिश पनप रही थी कि उन्होंने अंटी में असलहे रखना शुरू कर दिए थे। जिस वक्त रेशमपाल ने ट्रैक्टर निकालने का विरोध किया था, तब महीपाल ने उस पर फायर कर दिया था। जब तक दूसरा पक्ष के अमर सिंह आदि असलहे लेकर पहुंचे। तब तक रेशमपाल की मौत हो चुकी थी। बाद में अमर सिंह की ओर से फायरिंग में जयप्रकाश और सतेंद्र की जान चली गई तो वहीं हरिओम जिंदगी मौत से जूझ रहा है।

# शामली में दर्दनाक हादसा : सड़क किनारे खड़े डंपर से टकराई कार : तीन दोस्तों की मौत व दो घायल

शामली ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के शामली जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक वैगनआर कार सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गई, दर्दनाक हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, शामली के कैराना इलाके में बुधवार रात वैगनआर सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गई। हादसे में तीन दोस्तों की मौत गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार रात करीब 12 बजे कांधला रोड पर ऊंचा गांव के पास वैगनआर सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गई। वैगनआर में सवार तीन दोस्तों आदिल पुत्र महबूब, सादिक पुत्र फरीद, टोनी उर्फ शोएब पुत्र महमूद निवासी मोहल्ला रायजादगान कांधला की मौत हो गई। जबकि दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें



हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया।

# पुलिस का कारनामा : जांच पूरी हुई नहीं और परिवार को ही बता दिया झूठा : पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

प्रयागराज ब्यूरो : दूध का दूध और पानी का पानी' करने के लिए हंस को भी उसे चखना पड़ता है। लेकिन प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस अद्भुत है। वह बिना जांच किए ही मामले की तह तक पहुंच जाती है। उसने ऐसा ही बहरिया में आधी रात पुलिस से खौफजदा संजय भारतीय ( 27) के छत से कूदने व चोटिल होने के मामले में किया। जांच पूरी होने से पहले ही फैसला सुना दिया। परिवार को झूठा बताते हुए आरोपों को असत्य व निराधार बता दिया। उधर बेटे का इलाज करा रहा परिवार खौफजदा है। संजय के पिता लल्लू भारतीय ने बताया था कि उसने 20 फरवरी को हुई इस घटना की शिकायत मंगलवार को पुलिस कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि से की। उधर इस मामले को लेकर बुधवार की शाम चार बजे के करीब कमिश्नरेट पुलिस की ओर ट्विटर पर बयान जारी किया गया। इसमें बताया गया कि प्रकरण में एक ही परिवार के दो पक्षों में जमीन की कब्जेदारी से संबंधित विवाद है। इसी क्रम में पुलिस पर दबाव बनाने के लिए असत्य व निराधार आरोप लगाए गए हैं। चौंकाने वाली बात यह कि बयान तब दे दिया गया, जब अभी इस मामले में कराई जा रही जांच पूरी भी नहीं हो सकी है। दरअसल बुधवार रात जब इस मामले में डीसीपी गंगानगर अभिषेक अग्रवाल से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि एसीपी थरवई जंगबहादुर यादव को जांच सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट में जो बातें सामने आएंगी, उनके आधार पर आगे कार्रवाई होगी। उनसे पूछा गया कि क्या एसीपी ने उन्हें रिपोर्ट सौंपी है तो उन्होंने इन्कार किया। कहा कि अभी रिपोर्ट नहीं मिली है। अब सवाल यह है कि जब जांच ही नहीं पूरी हुई तो पुलिस की ओर से अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से आरोप असत्य व निराधार कैसे बता दिया गया। उधर घायल संजय की मां श्यामा देवी ने बताया कि घटना के बाद से पूरा परिवार दहशत में है। हर पल डर सता रहा है। घर से बाहर निकलने में भी डर लग रहा है। 108 एंबुलेंस से ले जाया गया था सीएचसी पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना में बेटे के घायल होने के बाद उनके कॉल करने



पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची थी। चालक पवन सिंह व उसका साथी महेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे थे और फिर संजय को एंबुलेंस से ही सीएचसी फूलपुर ले जाया गया। बाद में उसे रेफर करने पर निजी अस्पताल ले जाया गया। उधर चालक पवन सिंह ने भी रात में घायल को सीएचसी पहुंचाने की बात स्वीकार की। लोकेशन जांचें, सामने आ जाएगी हकीकत जानकारों का कहना है कि आरोपों की जांच निष्पक्ष तरीके से की जानी है तो घटना वाली रात संबंधित दरोगा व अन्य पुलिसकर्मियों की मोबाइल लोकेशन देखी जानी चाहिए। अगर उनकी लोकेशन पीड़ित के घर के आसपास मिलती है तो उनसे पूछा जाना चाहिए कि आधी रात वह वहां क्या करने गए थे। एक सवाल यह भी है कि मामला राजस्व से संबंधित है तो बिना राजस्वकर्मियों के पुलिसकर्मी वहां किसके आदेश या अनुमति पर गए। यह है मामला सराय अजीज गांव में आधी रात पहुंची पुलिस को देखकर 20 फरवरी को संजय भारतीय ( 27 ) के छत से कूदने पर उसका पैर टूट गया था। पिता का आरोप है कि भूमिधरी जमीन पर निर्माण के एवज में हल्का दरोगा 10 हजार रुपये मांग रहा था। रुपये न देने पर वह अन्य पुलिसकर्मियों संग रात में पहुंचकर दरवाजा पीटने लगा। इसी से खौफजदा बेटे ने छत से छलांग लगा दी थी।

# प्रधानमंत्री आवासों के लाभार्थियों का गांव गांव सत्यापन शुरू

अयोध्या(जिला संवाददाता)सुरेंद्र कुमार। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रता की जांच के लिए प्रशासन द्वारा ताबड़तोड़ जांच पड़ताल शुरू की गई है। मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव द्वारा स्वीकृत किए गए प्रधानमंत्री आवासों की गोपनीय जांच–पड़ताल के लिए नामित अधिकारियों को लगा दिया है। ये अधिकारी गांवों में पात्रता व अपात्रता की जांच के साथ ही पैसा वसूले जाने का भी पता लगा रहे हैं। आवास के नाम पर पैसा वसूलने वालों को चिह्नित कराकर प्रशासन कड़ी कार्रवाई के मूड में है। एडीओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडेय ने बताया कि मौजूदा समय में बिकास खंड क्षेत्र के 20 ग्राम पंचायतों में आवास की सूची में करीब 444 लाभार्थियों का नाम है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नामित किए गए अधिकारियों के माध्यम से अलग–अलग टीम द्वारा रिमांड किए हुए 202 लाभार्थियों का सत्यापन मंगलवार को किया गया है। क्षेत्र के तमाम गांवों से पात्रता और अपात्रता की आ रही कई शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। आवासों की जांच लिए अधिकारियों की टीम को लगा दिया है। ये अधिकारी पात्रता और अपात्रता की जांच के साथ लेन–देन की गोपनीय जांच भी कर रहे हैं। एडीओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडे ने यह भी बताया कि 20 ग्राम पंचायतों के सभी 444 लाभार्थियों के बैंक खाता में पहली किस्त भेजी जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि विकासखड बीकापुर क्षेत्र के वहीउद्दीन पुर तथा धरेठा दशरथपुर गांव में उपजिलाधिकारी न्यायिक पल्लवी सिंह द्वारा जांच सत्यापन किया गया। इसके अलावा खजुहट, मरूई सहाय सिंह, भैरोपुर टिकरा, मऊ, बसंतपुर, महावा, गुंधौर, जलालपुर माफी, बनकट, कोछा, शिवतर, मंगारी, न्यूना पूरब तथा पाली पूरब ग्राम पंचायतों में अलग–अलग अधिकारियों की टीम द्वारा लाभार्थियों का सत्यापन किया गया है। खंड विकास अधिकारी सीपी उपाध्याय ने बताया कि जांच आख्या मुख्य विकास अधिकारी को भेजी जाएगी।

# पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने कोर्ट में किया सरेंडर : भाजपा प्रत्याशी पर जानलेवा हमले में हैं नामजद

बरेली ब्यूरो : सपा सरकार में मंत्री रहे बरेली के नवाबगंज से पूर्व विधायक भगवत सरन गंगवार ने बृहस्पतिवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। भगवत सरन गंगवार को कोर्ट में हाजिर होने के लिए नोटिस जारी हुए थे। कोर्ट से नोटिस जारी होने के बाद भी पूर्व मंत्री कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे। पूर्व मंत्री समेत 10 लोगों के घरों पर नोटिस चस्पा हो चुके हैं। उन्हें भगौड़ा भी घोषित किया जा चुका था। इसके बाद सपा नेता भगवत सरन गंगवार बृहस्पतिवार को अपने वकील के साथ कोर्ट में सरेंडर के लिए पहुंचे। यह था मामला विशेष लोक अभियोजक औचित्य द्विवेदी के मुताबिक फरवरी 2017 में नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी केसर सिंह गंगवार और उनके साथियों से मारपीट और जान से मारने की नियत से हमला करने के मामले में भगवत सरन गंगवार समेत दस लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी भगवत सरन गंगवार और आठ अन्य अभियुक्त अदालत में हाजिर नहीं हुए थे। कोर्ट के आदेश के बाद भी पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। बृहस्पतिवार को पूर्व मंत्री समेत 10 आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने सभी को जेल भेजने का आदेश दिया है।

## स्काउट गाइड आंदोलन के जन्मदाता लॉर्ड ब्रेडन पावेल का जन्म दिवस : सिविल लाइन स्थित स्काउट भवन में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या सिविल लाइन में 23 फरवरी को स्काउट और गाइड आंदोलन के जन्मदाता लॉर्ड ब्रेडन पावेल के जन्म दिवस के उपलक्ष में स्काउट भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। लॉर्ड ब्रेडन पावेल ने ही स्काउट गाईड की स्थापना की थी जो आज 172 देशों में संचालित है। स्कूल भवन में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी और इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम प्रशासन अमित कुमार शामिल हुए और उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि आज स्काउट गाइड के विभिन्न विद्यालयों के लगभग ढाई सौ से 300 बच्चों को यहां एकत्रित किया गया था जिनके लिए कला और संस्कृति की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी उन्होंने कहा कि बच्चों अनुशासन के बारे में जानकारी दी गई क्योंकि स्काउट और गाइड में सबसे ज्यादा अनुशासन का ही महत्व होता है। इसके साथ साथ एक नव निर्माण लाइब्रेरी का भी उद्घाटन किया गया जिसमें बच्चों को पढ़ने के लिए हर प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध होगी जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके।




कार्यक्रम के आयोजक राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अब हमेशा से स्काउट और गाइड के बच्चों के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे और इसी प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी जिससे बच्चों का स्काउट और गाइड के प्रति रुझान बढ़ सके। स्काउट और गाइड के कोषाध्यक्ष और यश विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र वैश्य ने बताया कि आज के इस कार्यक्रम में कई स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। और विजई होने वाले छात्रों के साथ–सथ सभी छात्रों को स्काउट और गाइड के प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# सपा विधायक विजमा यादव को डेढ साल की सजा : 22 साल बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला

प्रयागराज ब्यूरो : प्रतापपुर से सपा विधायक विजमा यादव एमपीएमएलए कोर्ट ने डेढ़ साल की सजा सुनाई है। धारा 147, 341, 504, 353, 332 और 7 सीएलए एक्ट के तहत उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। बृहस्पतिवार को न्यायलय ने उन्हें डेढ़ साल की सजा सुनाई। इससे विधायक विजमा यादव की विधायकी जाने से बच गई। क्या है मामला आरोप है कि सपा विधायक विजमा यादव पर आरोप है कि उनके उकसाने पर ही भीड़ ने अनियंत्रित होकर पुलिस टीम पर गोली बम से हमला किया। इसमें पुलिसकर्मियों को गंभीर चोट लगी थी। घटना में विजमा यादव शामिल थीं। कहा गया कि 21 सितंबर 2000 को दोपहर ढाई बजे सहसों पुलिस चौकी के सामने श्याम बाबू के पुत्र आनंद जी उर्फ छोटू, सात वर्ष के बालक की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उसके शव को सड़क पर रखकर ईट, बल्ली लगाकर नाजायज तरीके से मजमा लगाकर बलवा किया। सभी लोग घातक असलहों से लैस थे, थाना प्रभारी, सराय इनायत कृपाशंकर दीक्षित तथा अन्य पुलिस अधिकारियों को जान से मारने की नीयत से ईट, पत्थर फेंके, जाम लगाकर सड़क पर अवरोध उत्पन्न किया



जिससे लोगों को आने–जाने में परेशानी हुई। पूर्व विधायक जवाहर पंडित की पत्नी हैं विजमा यादव प्रतापपुर से सपा विधायक विजमा यादव कभी जिले के चर्चित माफिया और बाहुबली विधायक रहे जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित की पत्नी हैं। जवाहर पंडित की विधायक रहते सिविल लाइन में हत्या कर दी गई थी, जिसमें करवरिया बंधुओं को उम्रकैद की सजा सुनवाई गई है। विजमा यादव तीसरी बार विधायक बनी हैं। वर्तमान में वह प्रतापपुर से विधायक हैं, उन्होंने अपना दल और भाजपा गठबंदन के प्रत्याशी और यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. राकेशधर त्रिपाटी को शिकस्त दी थी। इसके पहले वह झूंसी से बार विधायक रह चुकी हैं।

# दिव्यांग विवेक से अभद्रता करने वाला रोडवेज का कंडक्टर रूट ऑफ किया गया : अगले आदेश तक ड्यूटी पर रोक

प्रयागराज ब्यूरो : दिव्यांग विवेकमणि से दुर्व्यवहार के मामले को रोडवेज ने गंभीरता से लिया है। दिव्यांक विवेक से अभद्रता करने वाले रोडवेज बस कंडक्टर को रूट ऑफ कर दिया है। साथ ही अगले आदेश तक उसको ड्यूटी देने पर रोक लगा दी है। विवेकमणि ने अधिकारियों को पत्र भेजकर कंडक्टर की शिकायत की थी। बता दें कि प्रयागराज के परेड ग्राउंड में 29 फरवरी 2020 को आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में जिस दृष्टिबाधित दिव्यांग शख्स ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी ली थी, वही युवक बुधवार को रोडवेज के एक कंडक्टर के दुर्व्यवहार का शिकार हो गया। सिविल लाइंस बस स्टेशन पर विवेकमणि ने बस में दिव्यांग की सीट की मांग की तो उसे धक्का देकर गिरा दिया। इस मामले की विवेक ने एआरएम से लिखित शिकायत भी की है। दरअसल लालगोपालगंज निवासी विवेकमणि त्रिपाठी बुधवार सुबह सिविल लाइंस बस स्टेशन पहुंचे। वहां वह प्रयाग डिपो की बस (यूपी 70 ईटी 9561) में सवार हुए। इस दौरान उन्होंने कंडक्टर से दिव्यांग सीट की मांग की। विवेक का आरोप है कि सीट मांगने पर कंडक्टर ने उनके साथ बदतमीजी की और धक्का देकर बस से बाहर कर दिया। अफसरों से की शिकायत धक्का देने से सड़क पर गिरे विवेक को कुछ लोगो ने सहारा देकर उठाया। चोटिल हुए विवेक ने इस घटना की जानकारी रोडवेज के अफसरों को दी है। विवेक से एआरएम प्रयाग को लिखे शिकायती पत्र में भी इसका उल्लेख किया। उनके अनुसार उन्हें काफी चोट भी आई। पत्र में कंडक्टर का नाम शिव शंकर यादव बताया है। साथ ही विवेक ने कंडक्टर के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। किसी भी तरह का अमानवीय कृत्य बर्दाश्त नहीं है। इस मामले की जांच एआरएम प्रयागराज को सौंपी गई है। उनकी रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। – एमके त्रिवेदी, क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपी रोडवेज प्रयागराज परिक्षेत्र

# अयोध्या एनएच 27 हाईवे पर 2 सड़क हादसे में 4 की मौत 5 घायल

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या में गुरुवार सुबह दो सड़क हादसे हुए हैं। पहला हादसा रुदौली कोतवाली के एनएच–27 हाईवे का है। जहां एक तेज रफ्तार टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सड़क किनारे खड़े 6 लोग दब गए। जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 2 लोग घायल हैं। वहीं दूसरी घटना रुदौली के भेलसर के पास की है। वहां बाइक और कार की टक्कर में तीन डॉक्टर गंभीर घायल हो गए। उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है ।पहली घटना को लेकर बताया जा रहा है कि हाईवे पर बाइक सवार सेल्समैन स्थानीय लोगों को डिटर्जेंट पाउडर दिखा रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार टाटा मैजिक पलट गई। आस–पास के लोग घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां एक महिला, लड़की, बच्चा और बाइक सवार सेल्समैन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने की पहचान जायत्री देवी (44), हर्षमान (4) सुर्ता देवी (19) अब्दुल बारी (22) के रूप में की है। वहीं, घायलों की पहचान अनूपा (23) और रामजी की चार साल की बेटी के रूप में की है। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना सुबह आठ बजे की है। सीतापुर के अब्दुल हसन का बेटा अब्दुल बारी (22) फेरी का काम करता था। वह गांव में डिटर्जेंट पाउडर बेचने के लिए आया था। फेरीवाले के आने पर महिलाएं व बच्चे फेरीवाले की बाइक के पास गांव में जुट कर खरीदारी कर रहे थे। सड़क किनारे वह सभी को कपड़े की सफाई कैसे करें इसके बारे में बता रहा था। इसी दौरान अयोध्या से लखनऊ की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित टाटा मैजिक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई।

# अयोध्या दीपोत्सव से पहले एक और नई सौगात : सरयू में चलने वाला मिलेगा क्रूज

अयोध्या (जिला संवाददाता)सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या राम नगरी के सरयू नदी में जो अभी पेट्रोल और डीजल से चलने वाली नाव अब बीते दिनों की बात होने जा रही है। काशी के बाद अयोध्या में डबल डेकर क्रूज



चलेगा। यह क्रूज सरयू के नए घाट से लेकर भगवान राम के गुप्त स्थली यानी कि गुप्तार घाट तक चलाया जाएगा। रामायण से जुड़े चलचित्र दिखाने के साथ भजन भी सुनने को मौका मिलेगा । क्रुज की लंबाई 26 मीटर और चौड़ाई 8.3 मीटर होगी। यह क्रूज ईंधन से चलने के बजाय सोलर पैनल से संचालित होगा। और सोलर पैनल से एनर्जी स्टोर करने के लिए बैटरी का एक बड़ा पैनल भी इसमें लगा होगा। इसके प्रथम तल पर 72 से 100 लोगों के बैठने की जगह होगी। जबकि ऊपर का तल पूरी तरह खाली होगा जहां श्रद्धालु खड़े होकर सरयू बिहार का आनंद ले सकते हैं।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

अयोध्या(जिला संवाददाता)सुरेंद्र कुमार। उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित वर्ष 2023 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 16 फरवरी से चल रही हैं। जिले में 133 केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण चल रही है। अभी तक केवल एक मुन्ना भाई को छोड़कर किसी भी परीक्षार्थी को नकल करते हुए नहीं पकड़ा गया है। हाईस्कूल की परीक्षाएं तीन मार्च को और इंटर की परीक्षाएं चार मार्च को समाप्त होंगी। बुधवार को जनपद में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के दो हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के परीक्षा नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अशोक सरोज ने बताया कि जिले में अभी तक किसी भी छात्र को नकल करते नहीं पकड़ा गया है। सभी केन्द्रों पर परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हो रही है। बुधवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल संस्कृत विषय की परीक्षा में 5149 पंजीकृत रहे जिसमें 4762 उपस्थित व 387 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीटएट चित्रकला विषय की परीक्षा के लिए जिले में कुल 12142 पंजीकृत रहे जिसमें से 10498 उपस्थित और 1644 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार से बुधवार को द्वितीय पाली में हाईस्कूल संगीत वादन विषय में जिले में एक एक बच्चा था वह भी परीक्षा देने नहीं पहुंचा। बताया गया कि त्रुटिवश संगीत वादन विषय आ गया है। द्वितीय पाली के दौरान इंटरमीडिएट उर्दू विषय की परीक्षा के लिए जिले में कुल 452 पंजीकृत, रहे जिसमें 420 उपस्थित व 32 अनुपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।